प्रेस विज्ञप्ति

इरेडा और आईआईटी भुवनेश्वर ने स्वच्छ ऊर्जा नवाचार के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

भुवनेश्वर, 11 फरवरी

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भुवनेश्वर के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करके नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। आईआईटी भुवनेश्वर में आयोजित 100 क्यूब स्टार्ट-अप कॉन्क्लेव में आज हस्ताक्षरित इस एमओयू का उद्देश्य नवाचार और अनुसंधान पहल, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी प्रणाली के पोषण में सहयोगात्मक प्रयासों का समर्थन करना है।

इस एमओयू पर हस्ताक्षर इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास और आईआईटी भुवनेश्वर के स्वतंत्र निदेशक, डॉ. देबी प्रसाद डोगरा द्वारा माननीय केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री, श्री धर्मेंद्र प्रधान तथा आईआईटी भुवनेश्वर के निदेशक, प्रो. श्रीपाद कर्मलकर के गरिमामयी उपस्थिति में किए गए ।

इस महत्वपूर्ण अवसर पर बोलते हुए, इरेडा के सीएमडी, श्री प्रदीप कुमार दास ने कहा कि, "आईआईटी भुवनेश्वर के साथ यह साझेदारी नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार और सतत विकास को बढ़ावा देने की दिशा में हमारी यात्रा के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। दोनों संगठनों की विशेषज्ञता और संसाधनों का लाभ उठाकर, हमारा लक्ष्य प्रभावशाली अनुसंधान पहल करना और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देना है।"

इरेडा और आईआईटी भुवनेश्वर के बीच यह सहयोग संयुक्त अनुसंधान प्रयासों को सुविधाजनक बनाने, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की सुविधा और स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी प्रणाली के लिए व्यापक समर्थन प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है। इसमें इरेडा के कर्मियों के कौशल को बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम, सेमिनार और कार्यशालाएं जैसी क्षमता निर्माण पहल भी शामिल होंगी।